जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

03 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों को ड्रग्स लैबोरेटरीज से प्रतिष्ठित नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया को इस बात की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि डिप्लोमा इन यूनानी फार्मेसी कोर्स के चार छात्रों को प्रतिष्ठित आईएसओ-प्रमाणित कंपनी ड्रग्स लैबोरेटरीज से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं । इन छात्रों को कंपनी द्वारा क्रमशः सेल्स एग्जीक्यूटिव, प्रोडक्शन एग्जीक्यूटिव और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए चुना गया है।

इन छात्रों को प्रतिस्पर्धी शुरुआती पैकेज मिलेंगे, जिसमें मार्केटिंग और प्रोडक्शन एग्जीक्यूटिव को 2.16 लाख रुपये प्रति वर्ष और सेल्स एग्जीक्यूटिव को 1.8 लाख रुपये प्रति वर्ष मिलेंगे। कंपनी द्वारा नौकरी के प्रस्ताव पत्र संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल टीम की उपस्थिति में जारी किए गए जिनकी भूमिका छात्रों के शैक्षणिक और पेशेवर यात्रा में महत्वपूर्ण  है।

चयनित छात्रों ने अपने पूर्ण पाठ्यक्रम की अवधि में असाधारण कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया है और उनकी उपलब्धियाँ जामिया मिल्लिया इस्लामिया के डिप्लोमा इन यूनानी फार्मेसी कोर्स द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण के उच्च मानकों को रेखांकित करती हैं। शिक्षा में उत्कृष्टता हेतु विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता प्रतिष्ठित संगठनों में नौकरी हासिल करने में इसके छात्रों की सफलता से परिलक्षित होती है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया और ड्रग्स लैबोरेटरीज के बीच  परस्पर सहयोग विश्वविद्यालय के उद्योग जगत संग मजबूत संबंधों एवं अपने छात्रों के लिए रोजगार के अवसर को बढ़ाने पर इसके फोकस का प्रमाण है। यह साझेदारी न केवल छात्रों को मूल्यवान कैरियर के अवसर प्रदान करती है, अपितु यूनानी फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी मजबूत करती है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया